# हम तेरे ही बालक हैं, तू डाँट ये मुझे लगाना॥

(तर्ज – देना हो तो दीजिए जनम-जनम का साथ)

कान पकड़कर मेरा मैया, सही रस्ते पे लाना।
हम तेरे ही बालक हैं, तू डाँट ये मुझे लगाना॥

भटकूँ जब भी इधर-उधर, मैं तू ही ध्यान ये रखना माँ।
थाम के तेरी उँगली को, मैं गोदी में सर रख लूँ माँ।
एक तेरा भरोसा मुझको, तू छोड़ कभी ना जाना॥

कान पकड़कर मेरा मैया, सही रस्ते पे लाना।
हम तेरे ही बालक हैं, तू डाँट ये मुझे लगाना॥

माँ का आँचल मिला है मुझको, पिता के जैसे साथ दिया।
जब-जब आफत आई है, माँ ने उसको थाम लिया।
एक आँसू के बदले में, तू सागर ये बन जाना॥

कान पकड़कर मेरा मैया, सही रस्ते पे लाना।
हम तेरे ही बालक हैं, तू डाँट ये मुझे लगाना॥

साथी बनकर साथ दिया है, हरदम साथ ये चलती है।
बिन कुछ कहे ये मैया मेरी, इतनी कृपा ये करती है।
लकी पे दया तुम्हारी, तुम उसको गले लगाना॥

कान पकड़कर मेरा मैया, सही रस्ते पे लाना।
हम तेरे ही बालक हैं, तू डाँट ये मुझे लगाना॥

Lyrics – Lucky Shukla

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36401/title/kaan-pakadkar-mera-maiya--sahi-raste-pe-lana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |